SANJAY
STORE TEXTILES
Dara Market, Johari Bazar &
Tonk Road, Paanch Batti JAIPUR
2570847

अप्रेल 18, 2026

If undelivered,
Pl. return to
रमन अग्रवाल (संपादक)
हैल्थ व्यू : 170/3,
रामगली, राजापार्क
जयपुर-302004
मो. 98290-66272

राष्ट्रस्तरीय पाक्षिक पत्रिका

HEALTH VIEW
हैल्थ व्यू

सरकारी विज्ञापनों के लिए
मान्यता प्राप्त

विशेष वार्षिक सदस्यता-500/-* 1100/-* सहयोग-2100*/- विशेष सहयोग 3100*/-

कैंसर एवं गंभीर बीमारियों की रोकथाम में प्रयासरत संस्थान

वर्ष 25 अंक 5 हिन्दी/अंग्रेजी पृष्ठ 4 प्रति-2 रु., जयपुर 18 अप्रेल, 2026

चाय, नमकीन, सुपारी, मसाले, पाउडर इत्यादि की पैकिंग के लिए

ऑटोमेटिक पाउच पैकिंग मशीनें
सुरेंद्र कुमार एण्ड कंपनी
2368358, 2378231 मो. 9829013384
खंडेलवाल स्कूल बिल्डिंग, स्टेशन रोड, जयपुर

कैंसर से जंग
समय पर जांच है सबसे बड़ा बचाव, जानें कब और क्यों है स्क्रीनिंग जरूरी

हैल्थ व्यू

चिकित्सा विज्ञान में कहा जाता है कि 'सावधानी ही सुरक्षा है', और यह बात कैंसर जैसी गंभीर बीमारी पर पूरी तरह सटीक बैठती है। कैंसर के उपचार में सबसे बढ़ी बाधा इसका देरी से पता चलना है। भगवान महावीर कैंसर अस्पताल के वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनिल गुप्ता का मानना है कि यदि कैंसर की पहचान इसके शुरुआती दौर (Early Stage) में हो जाए, तो सफल इलाज और पूर्ण रिकवरी की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।



: संदेश :

कैंसर अब लाइलाज नहीं है, लेकिन इसकी जीत की कुंजी केवल 'जागरूकता' और 'सही समय पर जांच' में छिपी है।

जांच का मुख्य उद्देश्य : 'समय रहते पहचान'

कैंसर की स्क्रीनिंग का प्राथमिक उद्देश्य शरीर में उन बदलावों को पकड़ना है जो अभी तक बीमारी का रूप पूरी तरह ले चुके हैं या शुरुआती चरण में हैं। अधिकांश मामलों में, तीसरे या चौथे चरण में पहुँचने के बाद इलाज काफी जटिल और खर्चीला हो जाता है। इसके विपरीत, प्रथम चरण में पहचान होने पर न केवल जीवन बचने की संभावना बढ़ती है, बल्कि रोगी को कम दर्दनाक प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है।

नियमित स्क्रीनिंग है अनिवार्य

डॉ. अनिल गुप्ता

40 वर्ष की आयु के बाद, स्वस्थ दिखने वाले व्यक्तियों को भी साल में कम से कम एक बार होल बॉडी चेकअप कराना चाहिए। विशेषकर वे लोग जिनके परिवार में कैंसर का इतिहास रहा है, उन्हें मैमोग्राफी, पेप स्मीयर और कोलोनोस्कोपी जैसी जांचें नियमित अंतराल पर करानी चाहिए।

संपर्क सूत्र डॉ. अनिल गुप्ता मो. 98290 52417

कब कराएं जांच? इन संकेतों को न करें नजरअंदाज

डॉ अनिल गुप्ता के अनुसार, यदि शरीर में निम्नलिखित बदलाव दिखें, तो तुरंत विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए :

असामान्य गांठ : शरीर के किसी भी हिस्से, विशेषकर महिलाओं में ब्रेस्ट में कोई गांठ या सूजन महसूस होना।

लगातार बदलाव : भूख में कमी आना, बिना कारण वजन का तेजी से गिरना या लंबे समय तक पाचन में समस्या रहना।

त्वचा में बदलाव : किसी पुराने तिल के रंग या आकार में अचानक बदलाव आना।

पुरानी खांसी या आवाज में भारीपन : यदि खांसी तीन सप्ताह से अधिक रहे या बलगम में खून आए।

असामान्य रक्तस्राव : शरीर के किसी भी द्वार से अकारण रक्तस्राव होना।

घुटने के दर्द को न करें नजरअंदाज
समय पर जांच बचा सकती है आपको 'नी रिप्लेसमेंट' से

हेल्थ व्यू। बढ़ती उम्र और बदलती जीवनशैली के बीच घुटनों का दर्द एक आम समस्या बनता जा रहा है। अक्सर लोग इसे साधारण थकान या बढ़ती उम्र का असर मानकर पेनकिलर खाकर टाल देते हैं लेकिन आर्थ्रोस्कॉपी एवं स्पोर्ट्स इंजरी स्पेशलिस्ट डॉक्टर राजीव गुप्ता का कहना है कि यह लापरवाही भविष्य में घुटने के प्रत्यारोपण (Knee Replacement) की नौबत ला सकती है। यदि घुटनों की बीमारी का पता शुरुआती दौर में चल जाए, तो व्यायाम, सही आहार और दवाओं के जरिए सर्जरी से बचा जा सकता है।

जांच का उद्देश्य : कार्टिलेज को बचाना

घुटने के जोड़ों के बीच एक चिकनी परत होती है जिसे कार्टिलेज कहते हैं। उम्र या चोट के कारण जब यह घिसने लगती है, तो हड्डियां आपस में टकराने लगती हैं, जिसे ऑस्टियोआर्थराइटिस कहा जाता है। शुरुआती जांच का मुख्य उद्देश्य इसी कार्टिलेज को और अधिक नष्ट होने से बचाना है।

शुरुआती निदान के लाभ

डॉ. राजीव गुप्ता

डॉ गुप्ता के अनुसार, शुरुआती दौर में फिजियोथेरेपी, वजन नियंत्रण और कुछ विशेष इंजेक्शनों के माध्यम से घुटनों के घिसाव को रोका जा सकता है। आधुनिक चिकित्सा में अब ऐसी तकनीकें उपलब्ध हैं जो घुटने के ग्रीस (Synovial Fluid) को प्राकृतिक रूप से बनाए रखने में मदद करती हैं।

संदेश

घुटना प्रत्यारोपण से बचने के लिए जैसे ही दर्द के लक्षण दिखें, तुरंत विशेषज्ञ से परामर्श लें। याद रखें, समय पर की गई एक छोटी सी जांच आपको जीवनभर की गतिशीलता प्रदान कर सकती है।

संपर्क सूत्र
डॉ. राजीव गुप्ता
94149 80697

कब हो जाना चाहिए सावधान?

यदि आपको निम्नलिखित लक्षण महसूस हों ....

सीढ़ियां चढ़ने में तकलीफ : यदि सीढ़ियां चढ़ते या उतरते समय घुटनों में तेज चुभन महसूस हो।

अकड़न और सूजन : सुबह उठने पर घुटनों में कड़ापन रहना या जोड़ों के आसपास सूजन दिखना।

आवाज आना : उठते-बैठते समय घुटनों से 'कड़क' जैसी आवाज (Crepitus) आना।

लगातार दर्द : आराम करने के बावजूद अगर दर्द बना रहे या रात में सोते समय भी परेशान करे।

शारीरिक तंदुरुस्ती की असली चाबी
मानसिक स्वास्थ्य
युवाओं को लापरवाही पड़ सकती है भारी

हैल्थ व्यू। 'स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है', लेकिन आधुनिकता की दौड़ में आज की युवा पीढ़ी इस मूलमंत्र को भूलती जा रही है। जयपुर के जाने-माने मनोचिकित्सक डॉ अनिल तांबी ने चेतावनी दी है कि युवा वर्ग मानसिक स्वास्थ्य (Mental Health) को लेकर गंभीर नहीं है, जिसे अक्सर चिंता समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। यह लापरवाही भविष्य में गंभीर शारीरिक और मानसिक दुष्परिणामों का कारण बन सकती है।

डॉ. अनिल तांबी

क्यों है यह चिंता का विषय ?

आज का युवा सोशल मीडिया की आभासी दुनिया, करियर की प्रतिस्पर्धा और अकेलेपन के त्रिकोण में फंसा हुआ है। नींद की कमी, चिड़चिड़ापन और छोटी-छोटी बातों पर अवसाद (Depression) इसके शुरुआती लक्षण हैं। डॉ. ताम्बी का मानना है कि यदि मन बीमार है, तो शरीर कभी तंदुरुस्त नहीं रह सकता। मानसिक तनाव सीधे तौर पर हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता का कारण बनता है।

बचाव के उपाय और सुझाव

संवाद बढ़ाएं : समस्याओं को मन में दबाने के बजाय परिवार या दोस्तों से साझा करें।

डिजिटल डिटॉक्स : सोशल मीडिया से दूरी बनाएं और वास्तविक दुनिया के रिश्तों को समय दें।

योग और ध्यान : मानसिक शांति के लिए दैनिक दिनचर्या में मेडिटेशन को शामिल करें।

सलाह : लक्षण दिखने पर इसे कमजोरी न समझें और तुरंत मनोचिकित्सक से परामर्श लें।

संदेश : मानसिक स्वास्थ्य कोई 'टैबू' नहीं है। इसे स्वीकार करना और समय पर उपचार लेना ही एक उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य की गारंटी है।

डॉ. अनिल तांबी
मो 93146 01439

करियर की दौड़ और देर से शादी
युवाओं में बढ़ती 'यौन उदासीनता' बन रही है चिंता का विषय

सुझावों और वर्तमान सामाजिक परिदृश्य पर आधारित एक रिपोर्ट

जयपुर। आधुनिक जीवनशैली और करियर की अंधी दौड़ ने आज की युवा पीढ़ी को न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी प्रभावित किया है। जयपुर के प्रसिद्ध यौन रोग विशेषज्ञ डॉ. जौली अरोड़ा के अनुसार, आजकल युवाओं में 'यौन उदासीनता' (Se & ual Aversion) और 'फ्रिजिडिटी' की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इसका एक मुख्य कारण शादियों का देर से होना और अत्यधिक मानसिक दबाव है।

सुझाव

इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए डॉ. अरोड़ा ने महत्वपूर्ण कदम उठाने की सलाह दी है :

जीवनशैली में बदलाव : योग, ध्यान और संतुलित दिनचर्या को अपनाएं। मानसिक सुकून ही शारीरिक संबंधों में मधुरता लाता है।

रिश्ते की अंतरंगता : केवल शारीरिक संबंध ही नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव और संवाद पर ध्यान दें। अपने साथी के साथ खुलकर बात करें।

शारीरिक अंगों से शर्म का त्याग: अपने शरीर को स्वीकार करें और हिचकिचाहट छोड़ें। यौन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जरूरी है।

मानसिक तनाव और करियर का बोझ

डॉ. जौली अरोड़ा

डॉ. अरोड़ा का कहना है कि कठोर शिक्षा प्रणाली, करियर की अनिश्चितता और कार्यस्थल पर बढ़ता दबाव युवाओं के मन में असुरक्षा की भावना पैदा कर रहा है। जब मन हर समय तनाव में रहता है, तो उसका सीधा असर व्यक्ति की कामेच्छा (Libido) पर पड़ता है। अक्सर साथी के प्रति अपेक्षाएं पूरी न होने का डर और प्रदर्शन की चिंता (Performance Anxiety) इंसान को इस समस्या का शिकार बना देती है।

संपर्क सूत्र डॉ. जौली अरोड़ा
मो. 94140 48353

हार्मोनल संतुलन : युवाओं में अक्सर 'टेस्टोस्टेरोन' की कमी देखी जा रही है। समय पर इसकी जांच कराएं और डॉक्टरी परामर्श के अनुसार इलाज लें।

कान में मवाद : गंभीरता के अनुसार ही हो उपचार



डॉ. योगेंद्र सूत्रकार

राज कान नाक गला अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ योगेंद्र सूत्रकार का कहना है कि कान में मवाद आना एक आम लक्षण माना जाता है, लेकिन लंबे समय तक रुक-रुक कर मवाद आना और सुनाई कम देना किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है। मेडिकल स्टोर से कान में डालने की काम चलाऊ दवाइयाँ या कुछ एंटीबायोटिक ले लेते हैं।

इसी लापरवाही के कारण बाद में परेशानी बढ़कर सामने आती है, जिससे सुनाई कम होने की समस्या स्थाई भी हो सकती है। डॉ सूत्रकार के अनुसार, लंबे समय तक कान में मवाद बने रहना मिडिल ईयर में सूजन और संक्रमण को बढ़ाता है। यह स्थिति आगे चलकर कान की अंदरूनी हड्डी को भी गलाना शुरू कर देती है। यह एक खतरनाक अवस्था है, क्योंकि हड्डी गलने पर संतुलन बिगड़ना, तेज दर्द, आसपास की नसों पर असर और सुनने की क्षमता का स्थाई नुकसान हो सकते हैं। मवाद आने के कारण और गंभीरता के अनुसार ही उचित उपचार – दवाओं से लेकर सर्जरी तक – तय किया जाता है। डॉ सूत्रकार का स्पष्ट संदेश है कि अपने आप इलाज न करें, न ही बिना जांच के कान में कोई दवाई डालें। समस्या जितनी जल्दी पहचानी जाए, इलाज उतना ही आसान और सफल होता है। समय पर चिकित्सा परामर्श लेकर ही इस गंभीर जटिलता से बचा जा सकता है।

सूत्र डॉ. योगेंद्र सूत्रकार
मो. 9214314143

56 के इंजेक्शन से बची तीसरे बच्चे की जान, शरीर में नहीं बन रहा था खून

जयपुर जेके लोन अस्पताल के डॉक्टरों ने मात्र 56 रुपए महीने के खर्च से ऐसी दुर्लभ बीमारी को हरा दिया, जो बच्चे के लिए जानलेवा बन गई थी। 'ट्रांसकोबालामिन-2 डिफिशिएंसी' नामक बीमारी के कारण परिवार पहले ही अपने दो बच्चों को खो चुका था। इस बार सही समय पर हुई जेनेटिक पहचान ने तीसरे बच्चे की सांस नहीं थमने दी।

जेके लोन अस्पताल के डिपार्टमेंट ऑफ मेडिकल जेनेटिक्स के प्रभारी डॉ. प्रियांशु माथुर ने बताया कि बार-बार होने वाले संक्रमण के कारण शिशु का बोन मैरो सही तरीके से काम नहीं कर रहा था।

भर्ती के समय बच्चे का एब्सोल्यूट न्यूट्रोफिल काउंट (एएससी) मात्र 82 था, जो अत्यंत गंभीर होता है। खून की कमी के कारण उसे दो बार रक्त चढ़ाना पड़ा। लक्षणों के आधार पर दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी ट्रांसकोबालामिन-2 डिफिशिएंसी की संभावना मिली। जांच में इस बीमारी की पुष्टि हुई।

डॉ. प्रियांशु माथुर

डॉक्टरों का दावा है कि इस बीमारी के अब तक दुनिया में 60 मामले ही रिपोर्ट हुए हैं। ट्रांसकोबालामिन-2 डिफिशिएंसी क्या है डॉ. प्रियांशु माथुर का कहना है ट्रांसकोबालामिन-2 डिफिशिएंसी दुर्लभ बीमारी है। इसमें शरीर बिटामिन B-12 (कोबालामिन) को कोशिकाओं तक नहीं पहुंचा पाता। इसकी कमी से बोनमैरो काम करना बंद कर देता है, जिससे एनीमिया हो जाता है, इम्युनिटी कमजोर हो जाती है। समय पर इलाज नहीं मिले तो यह जानलेवा साबित होती है।

14 रुपए वाले इंजेक्शन लगे ; डॉक्टरों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आते ही बच्चे को हाइड्रॉक्सीकॉबालामिन नामक इंजेक्शन शुरू किया गया, जो हर सप्ताह देना होता है। इसकी कीमत 14 रुपए प्रति इंजेक्शन है। उपचार शुरू होने के बाद बच्चे के बोन मैरो ने वापस रक्त और इम्यून कोशिकाओं का निर्माण शुरू कर दिया। बच्चे का एएनसी भी 82 से बढ़कर 6000 तक पहुंच गया।

डॉ. प्रियांशु माथुर
मो. 07597921472

आधुनिक लेजर नेत्र चिकित्सा में राज्य का गौरव
स्माईल लेसिक
चश्मा हटाने
का राज्य में एकमात्र स्थान
SMILE LASIK
बिना फ्लेप, बिना ब्लेड
लेजर द्वारा चश्मा हटाना
पतले कार्तिया के लिए
भी अधिक सुरक्षित
VisuMax Laser
राज्य/केन्द्र सरकार कर्मचारियों, पेन्शनर्स एवं मेडिकल के लिए अधिकृत नेत्र चिकित्सालय
डॉ. वीरेन्द्र लेजर, फेको सर्जरी सेन्टर
टोंक फाटक, फोर्ड शोरूम के पीछे, टोंक रोड, गांधी नगर, जयपुर
मो. 9829017147, 9414043006 www.newsperfectvision.com

Manik Chand & Sons
(Jewellers) Pvt.Ltd
Platinum, Diamond, Gold,
Sliver, Pearl & Watches
Christian Basti, G.S. Road, Guwahati
Assam - Mob- 96780-68944
Email : info@mcj.net.in
Website : manikchandjewellers.com

NEURO CARE HOSPITAL
& Research Center Pvt. Ltd.
Dr. NEMI CHAND POONIA
DIRECTOR
(MBBS, MS, Mch Neuro surgery
Vision of Excelence Mission to save Lives
न्यूरो एवं स्पाइन की विश्व स्तरीय अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा
न्यूरो एंडोस्कोपी द्वारा मस्तिष्क एवं स्पाइन के ऑपरेशन की सुविधा
15 बेड का गहन चिकित्सा इकाई विश्व स्तरीय मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर
नसों के रास्ते दिमाग की जटिल बीमारियों का इलाज
राजस्थान में प्रथम न्यूरो नेविगेशन सिस्टम के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा
1/611 Sector 1, Vidhyadhar Nagar Jaipur
PH: 0141-2236712, 9983300286

"विचार"

सत्य की सत्ता : आत्मा की आवाज और कर्मों का लेखा-जोखा

पंकज अंबा

सत्य केवल एक शब्द नहीं, बल्कि हमारी आत्मा की मूल प्रकृति है। जैसे जल का स्वभाव शीतलता है, वैसे ही आत्मा का स्वभाव सत्य है। जब भी हम छल या असत्य का मार्ग चुनते हैं, हमारे भीतर एक बेचैनी और द्वंद्व जन्म लेने लगता है। यह इस बात का संकेत है कि हम अपने मूल स्वभाव से दूर जा रहे हैं।

महात्मा गांधी ने सदैव इस बात पर बल दिया कि अंतत: जीत सत्य की ही होती है। सत्य में वह सामर्थ्य है जो दुनिया के हर तथ्य और तर्क को परास्त कर सकता है।

जब व्यक्ति सत्य के मार्ग पर चलता है, तो वह निर्भय हो जाता है क्योंकि उसे कुछ छिपाने की आवश्यकता नहीं होती। यह संपूर्ण ब्रह्मांड इसी शाश्वत नियम पर आधारित है कि सत्य ही सर्वशक्तिमान है।

अक्सर हम क्षणिक सुख या स्वार्थ के लिए दूसरों के साथ छल कर देते हैं, लेकिन हम भूल जाते हैं कि हम दूसरों को, समाज को और यहाँ तक कि ईश्वर को भी धोखा देने का भ्रम पाल सकते हैं, परंतु अपने कर्मों को धोखा नहीं दे सकते। कर्मों का फल एक अटल सत्य है जिसे हर हाल में भोगना पड़ता है। यदि हमारा मन सत्य की राह पर है, तो वह स्वच्छ जल की तरह निर्मल और भयमुक्त रहता है। यदि जीवन के इस सफर में हम सत्य से कतराते रहे, तो हमें 'जजमेंट डे' यानी उस अंतिम निर्णय के दिन के बारे में विचार करना चाहिए। हर धर्म यह सिखाता है कि हमारे अच्छे और बुरे कर्मों का हिसाब अनिवार्य है।

छल से मिला सुख क्षणिक है, लेकिन सत्य का मार्ग स्थायी शांति और गौरव प्रदान करता है। अपनी राह आसान करने के लिए दूसरों को अंधेरे में रखना अंतत: स्वयं के भविष्य को अंधकारमय बनाना है। सत्य को अपनाना ही जीवन की सबसे बड़ी विजय है।

संपर्क सूत्र :पंकज अम्बा
मो 9829353757



डॉ. राजेन्द्र धर

थकान बनी रहती हो और ऊर्जा खत्म हो जाए, और शरीर में दर्द बना रहे, तो क्या करना चाहिए

निरंतर थकान और शरीर में दर्द: लक्षण, कारण और फिजिशियन की सलाह

हेल्थ व्यू। यदि आप सुबह उठने के बाद भी तरोताजा महसूस नहीं करते, शरीर के जोड़ों और मांसपेशियों में लगातार दर्द बना रहता है और बिना किसी भारी काम के भी ऊर्जा का स्तर शून्य रहता है, तो यह केवल सामान्य थकान नहीं है। यह विचार प्रस्तुत करते हुए निम्स मेडिकल कॉलेज के सुप्रसिद्ध फिजिशियन और हेड ऑफ द डिपार्टमेंट डॉ राजेंद्र धर का कहना है कि चिकित्सा विज्ञान में इसे 'क्रोनिक फटीग' या शरीर में पोषक तत्वों की गंभीर कमी का संकेत माना जाता है।

मुख्य कारण : डॉ धर के अनुसार, इन लक्षणों के पीछे निम्नलिखित प्रमुख कारण हो सकते हैं।

विटामिन और खनिजों की कमी : भारतीय परिवेश में विटामिन Bvw और Dx की कमी इसका सबसे बड़ा कारण है। ये विटामिन तंत्रिका तंत्र और हड्डियों की मजबूती के लिए अनिवार्य हैं।

एनीमिया (खून की कमी) : हीमोग्लोबिन का स्तर कम होने से शरीर के अंगों को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती, जिससे थकान बनी रहती है।

थायराइड असंतुलन : थायराइड ग्रंथि की सक्रियता में कमी मेटाबॉलिज्म को धीमा कर देती है।

तनाव और अधूरी नींद : मानसिक तनाव कोर्टिसोल हार्मोन को बढ़ाता है, जो शरीर की ऊर्जा को सोख लेता है।

क्या करें ? डॉ धर के सुझाव

जरूरी जांचें : सबसे पहले CBC, विटामिन प्रोफाइल, थायराइड और शुगर की जांच करवाएं।

हाइड्रेशन : शरीर में पानी की कमी भी दर्द का कारण बनती है, अतः दिन भर में 3-4 लीटर पानी पिएं।

संतुलित आहार : अपनी डाइट में प्रोटीन, हरी सब्जियां और नट्स (अखरोट, बादाम) शामिल करें।

नियमित व्यायाम : हल्का व्यायाम या 30 मिनट की सैर शरीर में एंडोर्फिन (हृदय और मन को प्रसन्न करने वाले हार्मोन) बढ़ाती है।

संदेश : शरीर द्वारा दिए जा रहे इन संकेतों को नजरअंदाज करना भविष्य में बड़ी बीमारी को निमंत्रण देना है। यदि थकान 2 सप्ताह से अधिक बनी रहे, तो तुरंत किसी अनुभवी फिजिशियन से परामर्श लें और सप्लीमेंट्स केवल डॉक्टरी सलाह पर ही शुरू करें। **संपर्क सूत्र**
डॉ. राजेन्द्र धर मो.9414073962

श्रृंखला - 1

भविष्य की चिकित्सा पद्धति
रोगी के हित में हो पैथी का निर्णय

हैल्थ व्यू

लेखक - डॉ. पवन कुमार

(आरोग्यम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स)

वर्तमान चिकित्सा जगत विशेषज्ञता के नाम पर अंगों में विभाजित हो गया है, जिससे मरीज एक 'इकाई' के बजाय केवल 'लक्षणों का समूह' बनकर रह गया है।

डॉ. पवन कुमार

भविष्य की चिकित्सा पद्धति 'एकीकृत चिकित्सा' (Ayronthesis of Pathies) होगी। इसका अर्थ यह नहीं है कि सभी पद्धतियों को मिला दिया जाए, बल्कि यह कि रोगी के हित में उनका सर्वश्रेष्ठ समन्वय किया जाए। उदाहरण के लिए, यदि किसी को गंभीर चोट लगती है, तो एलोपैथी की त्वरित सर्जरी और एंटीबायोटिक्स जीवन रक्षक हैं। लेकिन रिकवरी के दौरान आयुर्वेद

के रसायन, योग की प्राणिक शक्ति और प्राकृतिक चिकित्सा का आहार विज्ञान उसे स्थायी स्वास्थ्य प्रदान करता है। इसके लिए विशेषज्ञों के एक ऐसे 'डिसीजन बोर्ड' की आवश्यकता है, जो किसी पद्धति के प्रति दुराग्रह न रखे।

जब हम शरीर को केवल मांस-मज्जा का ढांचा न मानकर एक चैतन्य सत्ता मानेंगे, तभी 'पेशेंट-सेंट्रिक' मॉडल सफल होगा। यह समन्वय ही स्वास्थ्य क्षेत्र की अगली बड़ी क्रांति है, जो उपचार की लागत को कम और प्रभाव को दोगुना करेगी।

आरोग्यम हॉस्पिटल : एक प्रायोगिक पहल

लेखक ने अपनी सोच को धरातल पर उतारने के लिए 'आरोग्यम हॉस्पिटल' की नींव रखी है:

स्थान : कच्ची बस्ती (Slum Area) - जहाँ लोगों की क्रय शक्ति कम है और शोषण अधिक।

उद्देश्य : आधुनिक मशीनों और पारंपरिक उपचारों का मिलन।

प्रेसिडेंट आरोग्यम सेवा संस्थान
स्वतंत्र लेखन
मो - 95295-49090

डॉ. जीवराज मीणा को APO क्यों किया गया?

जयपुर (हैल्थ व्यू)

प्रतापगढ़ के निवर्तमान सीएमएचओ (CMHO) डॉ. जीवराज मीणा को लेकर हालिया दिनों में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई हुई है।

डॉ. जीवराज मीणा को 'प्रशासनिक आधार' और 'लोकहित' का हवाला देते हुए एपीओ (Awaiting Posting Orders) किया गया है।

हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स और विभागीय चर्चाओं के अनुसार

पुराने विवाद और घोटाले :

डॉ. मीणा के खिलाफ पिछले कुछ समय से पुराने भ्रष्टाचार के मामलों और घोटालों की फाइलें फिर से चर्चा में आ गई थीं, जो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुईं।

जन शिकायतें :

उनके कार्यकाल के दौरान लगातार मिल रही शिकायतों का आधार माना जा रहा है।

संयुक्त शासन सचिव निशा मीणा का आदेश -

प्रतापगढ़ जिला कलेक्टर की अनुशंसा पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त शासन सचिव निशा मीणा ने 10 अप्रैल, 2026 को आधिकारिक आदेश जारी किया।

डॉ. जीवराज मीणा को तत्काल प्रभाव से प्रतापगढ़ सीएमएचओ पद से हटाकर निदेशक (जन स्वास्थ्य), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, मुख्यालय जयपुर में अपनी उपस्थिति देने के निर्देश दिए गए हैं।

अनुशासनात्मक कार्यवाही :

यह कार्रवाई जिला कलेक्टर की रिपोर्ट और अनुशंसा के आधार पर की गई है, जो गंभीर प्रशासनिक असंतोष की ओर इशारा करता है।

विशेष नोट : डॉ. जीवराज मीणा वर्तमान सरकार में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा के रिश्तेदार (बहनोई) बताए जाते हैं, इसके बावजूद सरकार द्वारा की गई इस सख्त कार्रवाई को भ्रष्टाचार और प्रशासनिक ढिलाई के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' के रूप में देखा जा रहा है।

रूबी मेडिकल
जाकिर हुसैन
लंकापुरी 16 न बस स्टैंड
शास्त्री नगर जयपुर
मो - 97840 36795

हैल्थ हंगामा

सुबह उठकर झाड़ू लगाने से घर में समृद्धि आती है।
ततपश्चात नहा कर रसोई में जाने से सदस्यों का स्वास्थ सही रहता है।
प्रथम भोग अग्नि को समर्पित करने से अग्निदेव रसोई के कार्य निर्विध्न रूप से संपन्न करते हैं ।
भगवान के आगे दीपक जलाकर रोज भजन गाने से घर में पॉजिटिव एनर्जी आती है और शुभ हो जाता है।
फिर चाय बनाकर और बिस्कुट लेकर ..
सोती हुई पत्नी को बेड टी देने से जीवन में सर्व मंगल कल्याण होता है।

.....

किसी कागज पर वजन रखें तो वो अपनी जगह से नहीं हिलता.....
----(न्यूटन)—
लेकिन सरकारी कागज पर वजन रखने से वो तेजी से हिलता हैं..... !!!!
----(सरकारी कर्मचारी)

.....

बैंक मैनेजर- कलर्क से कल तुमने मिश्रा जी से बदतमीजी की। मेरे सामने फोन कर के माफी मांगो।
कलर्क - हैल्लो मिश्रा जी बैंक से बोल रहा हूं।
मिश्रा जी - हां बोलो
कलर्क - कल मैंने आपसे कहा था कि भाड़ में जा तू ।
मिश्रा - हां तो ?
कलर्क - तो अब मत जाना

.....

स्कूल स्टाफ ने बच्चे के माता-पिता को कहा कि सर आप स्कूल में ड्रेस, बैग, शूज, कोई सामान अपना नहीं ला सकते ! सब कुछ आप को हम देंगे।
पिता ने स्कूल के स्टाफ से कहा कि बच्चा तो हम अपना लो सकते हैं न .....
कि वो भी आप ही.....

पीरियड्स : एक स्वाभाविक प्रक्रिया समस्या नहीं

जानें दर्द के कारण और राहत के प्रभावी उपाय

हैल्थ व्यू। किशोरावस्था में कदम रखते ही बालिकाओं के जीवन में 'पीरियड्स' यानी मासिक धर्म की शुरुआत एक अत्यंत स्वाभाविक और जैविक प्रक्रिया है। यह नारीत्व के विकास और प्रजनन क्षमता का प्रतीक है, न कि कोई बीमारी उपरोक्त तथ्य प्रस्तुत करते हुए जयपुर की प्रसिद्ध महिला रोग विशेषज्ञ डॉ ओ बी नागर ने कहा कि जागरूकता के अभाव में अक्सर किशोरियां और महिलाएं इस दौरान होने वाले दर्द को एक बड़ी समस्या मानकर मानसिक तनाव में आ जाती हैं।

डॉ. ओ. बी. नागर

क्यों होता है पीरियड्स में दर्द ? *- पीरियड्स के दौरान गर्भाशय की मांसपेशियों में खिंचाव होता है, जिसे 'डिस्मेनोरिया' कहा जाता है। इसके मुख्य कारण हैं।*

प्रोस्टाग्लैंडिंस : *शरीर में इस हार्मोन जैसे तत्व की अधिकता गर्भाशय में संकुचन और दर्द पैदा करती है।*

जीवनशैली : *व्यायाम की कमी, जंक फूड का अधिक सेवन और पर्याप्त नींद न लेना दर्द को बढ़ा देता है।*

तनाव : *मानसिक दबाव और पीरियड्स को लेकर डर भी शारीरिक कष्ट को गंभीर बना देता है।*

बचाव और राहत के तरीके *- इस प्राकृतिक चक्र को सरल और कष्टमुक्त बनाने के लिए सुझाव।*

संतुलित आहार : *इन दिनों में आयरन युक्त भोजन (जैसे पालक, गुड़) और भरपूर पानी का सेवन करें। कैफीन और अधिक नमक से बचें।*

गर्म सिकाई : *पेट के निचले हिस्से पर हीटिंग पैड या गर्म पानी की बोतल से सिकाई करने पर मांसपेशियों को आराम मिलता है।*

हल्का व्यायाम : *योग और स्ट्रेचिंग शरीर में रक्त प्रवाह को सुधारते हैं, जिससे ऐंठन कम होती है।*

स्वच्छता का ध्यान : *संक्रमण से बचने के लिए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।*

संदेश : *पीरियड्स को लेकर शर्म और चुप्पी तोड़ना जरूरी है। यह एक स्वस्थ शरीर की निशानी है। यदि दर्द असहनीय हो, तो इसे नजरअंदाज करने के बजाय विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए ताकि किसी भी अंतर्निहित समस्या का समय पर उपचार हो सके।*

संपर्क सूत्र डॉ ओ बी नागर 98293 83880

इच्छा से होते हैं समय पर काम पूरे

LIFE MANAGEMENT

जीवन में कुछ बड़े तनावों का सामना होता है, जब बहुत सारे कामों को एक साथ पूरा करना हो। ऐसे मौकों पर जरूरत होती है, कामों को तेजी से पूरा करने की।

दूसरी तरफ कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण काम हम तब पूरे कर पाते हैं, जब सेंस ऑफ अर्जेन्सी से काम लेते हैं। सफल लोग काम पूरा करने के तनाव या बैचेनी के साथ दिन की शुरूआत नहीं करते। बल्कि उनमें काम को समय पर और जल्दी पूरा करने की इच्छा होती है। इसका दूसरा फायदा उन्हें यह होता है कि अचानक अगर नया काम आ जाए तो उसके लिए वे हमेशा तैयार रहते हैं। दरअसल सेंस ऑफ अर्जेन्सी आपको इमर्जेंसी के लिए तैयार कर देती है। जब आप अपने नियमित कामों को समय पर पूरा कर चुके होते हैं तो अचानक आने वाली परिस्थितियों और कामों के लिए बेहतर तरीके से सामाना करने के लिए तैयार हो जाते हैं।

Fixed Teeth only in 1 Hour
Dr. Preeti Mittal
ORAL DENTAL SURGEON
105, vrindavan vihar colony King□s Road Nirman Nagar Jaipur
Mo: 9829460460

H.N. NURSING HOME
चूरू क्षेत्र का एक विश्वसनीय केन्द्र
DR. MUMTAJ ALI
Churu- Rajsthan
Mob. 9414084525
Ph: 250763

दुनिया में 58 में से एक बच्चा ऑटिज्म से जूझ रहा

डॉ. आई. डी. गुप्ता

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिस्ऑर्डर (एएसडी) बातचीत और सामाजिक बर्ताव से जुड़ी एक ऐसी बीमारी है जो बचपन में शुरू होकर सारी जिंदगी रहती है। जन्म के 3 से 5 माह बाद बच्चे में इसके लक्षण दिखने डॉ. आई. डी. गुप्ता शुरू हो जाते हैं। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें कम्युनिकेशन न होने पर बच्चे खुद को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। यह मस्तिष्क से जुड़ी कई कमियों का एक समूह है, जिसमें मरीज को बोलचाल से लेकर सामाजिक व्यवहार तक में दिक्कत होती है। एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर एवं मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. आई.डी. गुप्ता ने कहा कि इस बीमारी का न तो अभी तक कोई पुख्ता कारण पता चला है और न ही इलाज खोजा जा सका है। हालांकि, ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे में कई

Delayed speech developmarit, Spin oblecta, Autism, top early signs, Sleep protiem, थेरेपी से सुधार हो सकता है। 20 से 40 प्रतिशत पीड़ित बच्चे थेरेपी की मदद से सामान्य व्यक्ति की तरह जीवन जी सकते हैं। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें लक्षणों की तीव्रता को देखकर ही उसकी गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। 2018 में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में हर 58 में से एक बच्चा इस बीमारी की चपेट में है। बच्चों में 18 माह की उम्र में इस बीमारी को डायग्नोज किया जा सकता है।

साइंटिफिक थेरेपी से सुधार संभव अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स

और नेशनल रिसर्च काउंसिल के अनुसार बिहेवियर और कम्युनिकेशन थेरेपी से पीड़ितों में काफी हद तक सुधार लाया जा सकता है।

एप्लाइड बिहेवियर एनालिसिस (एबीए) इस थेरेपी में बच्चों को व्यवहार और प्रतिक्रिया से संबंधित प्रत्येक स्टेप के बारे में सिखाया जाता है।

अर्ली इंटेंसिव बिहेवियरल इंटरवेंशन (ईआईबीआई) 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में इस थेरेपी का उपयोग किया जाता है। हाई टीचिंग एप्रोच से गुस्सा और खुद को चोटिल करने जैसे व्यवहार दूर किये जाते हैं। अर्ली स्टार्ट डेनवर मॉडल (ईएसडीएम) इस मॉडल की सहायता से 12 से 48 माह के बच्चों में सामाजिक, भाषा संबंधी एवं मस्तिष्क व शरीर के बीच सामंजस्य बैठाने वाली गतिविधियों को सिखाया जाता है।

संपर्क सूत्र डॉ.आई.डी.गुप्ता
मो. 9314502979

क्या असर पड़ता है हाइपरटेंशन से दिल पर ?

हाइपरटेंशन दिल की बीमारियों को बढ़ाने वाले जोखिम कारकों में से एक है। यदि दिल की बीमारियों को बढ़ाने वाले जोखिम कारकों को देखा जाये तो ब्लड प्रेशर उसमे बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

यदि ब्लड प्रेशर 150-170 हो जाये तो हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करके बेन स्ट्रोक और हार्ट अटैक के खतरे को कम किया जा सकता है। वर्तमान जनसंख्या में 40 प्रतिशत लोग हाइपरटेंशन से ग्रस्त हैं। स्वस्थ्य जीवनशैली, संतुलित आहार और उचित दवाओं के जरिए हाइपरटेंशन को नियंत्रित किया जा सकता है।

ASHOKA FURNISHINGS
ASHOKA FURNISHINGS
31, Sarawgi Mansion,
M.I. Road, Jaipur,
Tel - 0141-2576526/2572505

सूचना
हैल्थ व्यू में प्रकाशित लेख लेखकों के अपने विचार हैं और केवल आपकी जानकारी के लिए है कोई भी लेख पर अमल करने से पूर्व अपने चिकित्सक से परामर्श अवश्य कर लें। हैल्थ व्यू के सम्पादक, प्रकाशक व मुद्रक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
THE EDITTORIAL BOARD DOES NOT ENDORSE ANY PRODUCTS ADVERTISED IN THIS NEWSPAPER.
किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र केवल जयपुर होगा।

प्रत्येक अंतिम शनिवार को नि:शुल्क
एक्युप्रेशर व रेकी चिकित्सा जिसमें शारीरिक, मानसिक व चर्म से संबंधी रोगों का उपचार होगा।
संपर्क सूत्र
आकृति क्लिनिक
डॉ. पमिला छाबड़ा
मो. : 9829735666
रेकी व एक्युप्रेशर प्रशिक्षण हेतु संपर्क करें

LIFE SAVER
A SHOP OF LIFE SAVING DRUGS
STOCKISTS FOR
Cancer & Cardiac Medicines, Disposable Surgery Items Nutrition Fluids
168, Nehru Bazar, JAIPUR
TelÑ 2313129, 2310483, 2313281, MobÑ 98290-14267
DELIVERY FACILITY AVAILABLE

MAHAVEER DIAGNOSTIC
Super Speciality Lab
Thyroid ♦ Harmones ♦Tumour Markers ♦ Infertility/ Pregnency Hormones♦ Torch ♦ Metabolic Hormones ♦ Druf Assays
Dr. Manoj Jain
Mob. 94144-60959
ECHO & COLOR DOPPLER CENTRE
Whole Body Color Doppler Study, 2 D Echo- Adult & Paediatric, Carotid Doppler, Peripheral & Renal Doppler, Small Parts - Penile Doppler, Fetal Doppler & Echo
Manav Ashram, Gopalpura Mod, Jaipur Ph: 2704787

चिकित्सा जगत की साख और कार्रवाई का संतुलन

संपादकीय

राजस्थान सरकार की स्वास्थ्य योजना (ऋ।।र-) में कथित अनियमितताओं के नाम पर हाल ही में चिकित्सा संस्थानों और चिकित्सकों के विरुद्ध की गई कार्रवाइयां चर्चा और विवाद का केंद्र बन गई हैं। विशेष रूप से निर्विक हॉस्पिटल के न्यूरो सर्जन डॉ. सोनदेव बंसल से जुड़े प्रकरण के बाद प्रशासन के रुख ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

अब तक व्यवस्था के अंतर्गत मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस सस्पेंड करने या अस्पतालों को एमपैनलमेंट सूची से बाहर करने की प्रक्रियाएं देखी जाती रही हैं। किंतु, एक प्रतिष्ठित न्यूरो सर्जन के विरुद्ध गंभीर आरोपों के साथ की गई प्रत्यक्ष कार्रवाई ने चिकित्सा समुदाय को झकझोर दिया है। प्राइवेट हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम सोसाइटी (क्ष।।ह।।र-) और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) ने इस पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए इसे चिकित्सा संप्रदाय की छवि को धूमिल करने वाला अनुचित निर्णय करार दिया है।

यह सत्य है कि किसी भी सरकारी योजना में पारदर्शिता और ईमानदारी सर्वोपरि है। यदि भ्रष्टाचार या अनियमितता के पुख्ता प्रमाण मिलते हैं, तो नियम सम्मत कार्रवाई अनिवार्य है। किंतु, प्रशासन को यह भी समझना होगा कि चिकित्सा एक संवेदनशील पेशा है। बिना विस्तृत जांच या पर्याप्त पक्ष सुने आनन-फानन में की गई ऐसी कार्रवाइयां न केवल एक चिकित्सक के करियर और मान-प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंचाती हैं, बल्कि पूरे 'हेल्थकेयर ईकोसिस्टम' में भय का माहौल पैदा करती हैं। चिकित्सा संगठनों का तर्क है कि इस तरह के निर्णय सेवा भाव से कार्य कर रहे संस्थानों के मनोबल को गिराते हैं। संप्रदाय की छवि खराब करने के बजाय, प्रशासन को जांच की ऐसी न्यायपूर्ण प्रक्रिया अपनानी चाहिए जो तथ्यों पर आधारित हो, न कि केवल धारणाओं पर।

औषधि नियंत्रण संगठन (DCO) की इस विशेष कार्रवाई

कारण बताओ नोटिस (Show Cause Notice) का संतोषजनक उत्तर नहीं दिया, जिसके परिणामस्वरूप उनके लाइसेंस निलंबित या रद्द किए गए। राजस्थान ड्रग कंट्रोलर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अप्रैल 2026 के प्रथम पखवाड़े की विस्तृत सूची इस प्रकार है:

प्रमुख विक्रेता और की गई कठोर कार्रवाई

विक्रेता/फर्म का नाम	क्षेत्र	कार्रवाई मुख्य कारण
आरोग्य मेडिकोज	मानसरोवर, जयपुर	लाइसेंस रद्द बार-बार नोटिस के बावजूद बिना फार्मासिस्ट के दवाओं की बिक्री जारी रखना।
शेखावाटी फार्मास्यूटिकल्स	झोटवाड़ा, जयपुर	30 दिन निलंबन शेड्यूल H1 दवाओं के स्टॉक में भारी विसंगति और क्रय-विक्रय रिकॉर्ड का अभाव।
जोधपुर ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स	सोजती गेट, जोधपुर	लाइसेंस रद्द इंसुलिन और जीवन रक्षक टीकों के लिए कोल्ड चेन (2-8°C) का उल्लंघन।
मेवाड़ मेडिकल स्टोर	कोटपूतली, जयपुर	स्थायी रूप से बंद अवैध रूप से नशीली दवाओं का भंडारण और संतोषजनक जवाब न देना।
सिटी लाइफ फार्मेसी	पाल रोड, जोधपुर	15 दिन निलंबन दुकान के निरीक्षण के दौरान फ्रीज का स्विच बंद मिलना और सफाई का अभाव।

सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया।
सोच बदलनी होगी यह कहावत शाश्वत सत्य है। सभी सुखी हों सभी रोग मुक्त रहें हम सभी मंगलमय घटनाओं के साक्षी बने और किसी को भी दुख का भागी न बनना पड़े।

श्रंखला 92

॥ सोच बदलनी होगी ॥

डॉ मान सिंह भांवरिया

ॐ शांति शांति शांति

